दिनांक 16 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्वास्थ्य सुविधों में विस्तारीकरण के लिये एंबुलेंस की सुविधा होगी उपलब्ध

-महापौर एवं भिलाईनगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने हरी झंडी देकर किया रवाना

भिलाईनगर/ भिलाई निगम क्षेत्र में स्वास्थ्यगत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये इसके विस्तारीकरण के लिये नया मिनी एम्बुलेंस महापौर एवं भिलाईनगर विधायक श्री देवेंद्र यादव के प्रयासों से मिला है। जिसे आज महापौर ने निगम परिसर से हरी झंडी देकर रवाना किया! एंबुलेंस के लिये विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने अपनी विधायक निधि से 7 लाख 22 हजार रूपये स्वीकृति किये है। मिनी एम्बुलेंस होने के कारण यह छोटे-छोटे गली मोहल्ले में आसानी से पहुंच सकेगी। इस वाहन को मरीजों के उपयोग में लाने के लिये निगम के वाहन शाखा से संपर्क करना होगा। एक फोन पर यह घरों में उपलब्ध हो जाएगी। महापौर द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद यह अपनी सुविधा प्रदान करने के लिय तैयार है।

जनसम्पर्क अधिकारी